Title: Need to provide basic facilities at Palanpur railway station, Gujarat.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र के पालनपुर रेलवे स्टेशन पर व्यापक गंदगी की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं। पालनपुर वनासकाठा जिले का मुख्यालय है। इस रेलवे स्टेशन पर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ब्राडगेज लाइन बनने के बाद प्लेटफार्म पर पूरा शेड नहीं है जिसके कारण लोगों को बहुत असुविधा हो रही है। किसानों के लिए जो फर्टिलाइजर आता है, वह खुले में रहता है जिसके कारण फर्टिलाइजर के खराब होने की आशंका रहती है और बहुत सा सामान खराब हो जाता है। अतः पालनपुर में एक शेड बनाने की अत्यन्त आवश्यकता है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पालनपुर को एक आदर्श रेलवे स्टेशन घोाित किया जाए, साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की जाए, बुनियादी सुिवधाओं को पूरा किया जाए और प्लेटफार्म पर एक शेड तुरन्त बनाया जाए।